# वीयू – विश्वकर्मा जयंती मनाई गई



आज दिनांक 17.09.2025 को नानाजी देशमुख पशुचकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय तथा पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर में विश्वकर्मा जयंती मनाई। देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती के रूप में पूरे देशभर में मनाया जाता है। भगवान विश्वकर्मा को उद्योग, निर्माण, वास्तुकला एवं तकनीकी के देवता के रूप में पूजा जाता है। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर संपदा अधिकारी कार्यालय में पूजा का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा जी द्वारा विश्वकर्मा जी का पूजन माल्यार्पण एवं हवन किया गया। पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर में अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चन किया गया। इस अवसर पर कुलपति जी द्वारा प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया।

इस कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. एस.के. जोशी, संपदा अधिकारी, डॉ.एस.के. कारमोरे, डॉ सुब्रदल नाथ, प्रवीण सिंह, छात्र–छात्राएं एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया एवं भंडारा का आयोजन किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर